## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# राज्य स्थाना दिवस के मौके पर सीएम ने की कई घोषणाएं

**शुभकामनाएं**

## मुख्यमंत्री ने राज्य वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों शुभकामनाएं दी

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में राज्य वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों शुभकामनाएं दी। साथ ही आंदोलनकारियों व शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम ने कई घोषणाएं की। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा की गयी घोषणाओं में आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए सप्ताह में चार दिन दूध, दो दिन अंडा और दो दिन केला उपलब्ध कराना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के समान ही वीर शिरोमणि माधोसिंह भंडारी राज्य कृषि विकास परियोजना लागू करना, वृद्धावस्था, विकलांगता, विधवा पेंशन में दो सौ रुपये की वृद्धि, उपनल और पीआरडी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर 500 रुपये करना, ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लाना, सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना, राज्य में रूरल बिजनेस इन्क्यूबेटर्स की स्थापना करना, कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए सेलाकुई व रुद्रपुर में महिला हॉस्टल का निर्माण, राज्य में पशुओं का बीमा कराए जाने के लिए बीमा धनराशि की गैप फंडिंग की भरपाई राज्य सरकार की ओर से करने की घोषणा की।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना निर्माण, राज्य में दीनदयाल उपाध्याय एकीकृत भूकंप सुरक्षा कार्यक्रम का क्रियान्वयन, प्राथमिक स्कूलों व उच्च प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को सप्ताह में एक दिन फोर्टिफाइड मीठे दूध की उपलब्धता,पारंपरिक अनाजों जैस मंडुआ, झंगोरा, फाफर तथा दालों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को स्वीकृति आदि की घोषणाएं शामिल हैं।



विकास पुस्तिका और बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट 2018–19 का विमोचन करते हुए रक्षामंत्री, सीएम व अन्य।

## न्यूज डायरी

### नैनीझील का विशलेषण कार्य शुरू

**(संवाददाता)** नैनीताल। जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रूड़की के वैज्ञानिकों द्वारा नैनीझील का बैथीमैट्री विश्लेषण कार्य प्रारम्भ किया। बंसल ने कहा नैनी झील झील के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बैथीमेट्री कार्य आवश्यक है। जिसके लिए विशेष प्रयास कर, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रूड़की के वैज्ञानिकों के माध्यम से बैथीमैट्री विश्लेषण कार्य पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नैनीझील जहां एक ओर पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है वही इस झील की सुंदरता व जैवविधिता के कारण यह विश्व प्रसिद्व पर्यटन स्थलों में शुमार है। उन्होंने कहा कि नैनीझील एक अत्यन्त संवेदनशील सरोवर है तथा नैनीताल नगरवासियों की पेयजल आपूर्ति हेतु मुख्य स्रोत है।

### टिहरी में धूमधाम से मनाया राज्य स्थापना दिवस

**(संवाददाता)** टिहरी। टिहरी जिले में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया। मौके पर राज्य आंदोलनकारियों, शहीदों के परिजनों तथा विभिन्न विभागों में उत्कृट कार्य करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को शॉल और प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया। शनिवार को राज्य स्थापना दिवस पर डीएम डॉ. वी षणमुगम ने राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज के प्रागंण में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्थापना दिवस पर सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए गए।

### वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को भारत रत्न देने की मांग

**(संवाददाता)** कोटद्वार। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति और कांग्रेस सेवा दल के संयुक्त तत्वाधान में हरिद्वार से कोटद्वार तक तिरंगा यात्रा निकाल कर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को भारत रत्न देने की मांग की गई। इसके अलावा गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने की मांग करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। देर शाम को चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति और कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता हरिद्वार से लालढांग चिल्लरखाल होते हुए कोटद्वार तहसील परिसर पहुंचे। इसके बाद वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराया गया। इस मौके पर उत्तराखण्ड सेवा दल के मुख्य संरक्षक राजेश रस्तौगी ने कहा कि जन्म से ही उत्तराखण्ड राज्य को स्थाई राजधानी नहीं मिल पाई है, राजधानी के मामले में देश की भारतीय जनता पार्टी उत्तराखण्ड राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

### श्रीनगर में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**(संवाददाता)** श्रीनगर। अयोध्या में राम जन्म भूमि स्थल पर राम मंदिर बनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय पर यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। अदिति स्मृति न्यास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर महामंत्री अनूप बहुगुणा, गिरीश पैन्यूली, देवेंद्रमणि मिश्रा, पंकज सती, दिनेश रूडोला आदि ने इसे सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए खुशी जताई। कहा अब केवल देश में विकास और रोजगार की बात होगी। समाज में जो भी आपस में लड़ाने वाले मुद्दे थे उनको लगातार मोदी सरकार ने शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार का आभार भी प्रकट किया। खुशी जताने वालों में भाजपा महिला मोर्चा नगर मंत्री नगमा तौफिक, जयंती कुंवर, हरि सिंह बिष्ट, अनुव्रत पैन्यूली आदि मौजूद रहे।




राज्य स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।

# राज्य स्थापना दिवस पर की प्रशासन ने वॉल पेंटिंग की शुरूआत

**संवाददाता**

नैनीताल। जिलाधिकारी सविन बंसल की अभिनव पहल पर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर फ्लैट्स मैदान, रिक्शा स्टैण्ड, जिला कार्यालय से बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ व अन्य सामाजिक ज्वलन्त समस्याओं को लेकर जनजागरूकता के लिए स्थानीय स्कूल, कॉलेजों के आर्ट्स विद्यार्थियों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा वॉल पेंटिंग की शुरूआत की। डीएम बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मीणा ने विद्यार्थियों के साथ स्वयं भी पेंटिंग की शुरूआत की व विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई की।

बंसल ने बताया कि वर्तमान सामाजिक ज्वलन्त समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने एवं समाज में जागरूकता लाने के

**आर्ट्स के विद्यार्थीयों को अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा**

लिए जनपद के सार्वजनिक स्थानों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा आदि का संदेश देने की कवायद शुरू की है। उन्होंने कहा कि वॉल पेंटिंग के द्वारा जहॉं जनजागरूकता आएगी, वहीं आर्ट्स के विद्यार्थीयों को अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सार्वजनिक स्थानों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपनी कला एवं विचारों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा तथा वॉल पेंटिंग के माध्यम से जन–जागरूकता के साथ ही सार्वजनिक स्थलों को सुन्दर व आकर्षक बनाया जा रहा है। पेंटिंग के माध्यम से समाज में बेटियों के महत्व, महिलाओं के प्रति समाज को जागरूक करने, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के नुकसान, स्वच्छता एवं पर्यावरण के महत्व के बारे में संदेश दिया जाएगा।

बंसल ने कहा कि पेंटिंग की शुरूआत डीएसए मैदान, जिला कार्यालय से की गई है। अभियान के तहत जनपद के अधिक से अधिक चिकित्सालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों को जनजागरूकता देने वाली वॉल पेंटिंग से सुन्दर व आकर्षक बनाया जाएगा और बच्चों को आगे भी अपनी प्रतिभा को निखारने एवं दिखाने का अवसर मिलता रहेगा। श्री बंसल ने कहा कि वॉल पेंटिंग करने वाले विद्यार्थियों को ग्रुप व एकल वर्ग में नकद पुरस्कार के साथ ही सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेंगे।

### जिले में हर्षोल्लास ने मना राज्य स्थापना दिवस

**(संवाददाता)।** नैनीताल। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना जिले भर में पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया। मुख्य कार्यक्रम नैनीताल में आयोजित किये गये। सर्वप्रथम प्रातः 9 बजे शहीद राज्य आंदोलनकारी स्मारक जू–रोड पर जिलाधिकारी सविन बंसल, एसएसपी सुनील कुमार मीणा व अन्य गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरान्त डीएसए मैदान में आयोजित विकास मेले एवं प्रर्दशनी का शुभारम्भ फीता काट कर सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त कुमाऊँ मण्डल राजीव रौतेला ने किया। उद्घाटन के उपरान्त विकास प्रर्दशनी का स्टॉलों का निरीक्षण भी किया व बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम के अन्तर्गत फ्लैट्स व रिक्शा स्टैण्ड में बनाई जा रही वॉल पेंटिंग का भी निरीक्षण किया। सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त रौतेला ने 20वें राज्य स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर मैं राज्य निर्माण के सभी ज्ञात–अज्ञात अमर शहीदों एवं शहीद आन्दोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ।